संशोधित

# कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल म0प्र0

क्रमांक...653.../क्रय/जी.एम.सी./2020 शहडोल, दिनांक..06/~~09~~ 10/2020

## //सीमित निविदा सूचना//

**स्वशासी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के स्वशासी समिति के वर्तमान ऑडिट, ई.टी. डी.एस त्रैमासिक रिटर्न, जी.एस.टी रिटर्न कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 (तीन वित्तीय वर्ष) के लिये:-**

(अ) पंजीकृत एवं अनुभवी चार्टड अकाउण्टेंट

(ब) ई-टी.डी.एस. त्रैमासिक रिटर्न एवं जी.एस.टी. मासिक रिटर्न हेतु चार्टेड एकाउंटेट फर्म/ कर सलाहकार की सेवाएं ली जानी है। इच्छुक निविदाकार दिनांक 30.09.2020 को दोपहर 4.30 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा अधिष्ठाता एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। सीमित निविदा फार्म एवं शर्तें चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcshahdol.org से डाउनलोड करें। निविदा दिनांक 02.10.2020 को सुबह 11.30 बजे अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जावेगी। निविदाकार फर्म का मुख्यालय मध्यप्रदेश एवं जिला कार्यालय शहडोल में स्थित होना आवश्यक है।

**सीमित निविदा की शर्तेः-**

1. निविदा प्रपत्र के साथ सीमित निविदा आवेदन का मूल्य रू. 1000.00 (शब्दों में:- पॉच सौ रू. मात्र) एवं अमानत राशि 5000.00 शब्दों में-पॉच हजार रूपये मात्र/- रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी वाणिज्यिक बैंक का डी.डी. पृथक-पृथक जो नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल स्वशासी संस्था के नाम से देय हो लगाना अनितार्य होगा। इसके बिना सीमित निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।
2. अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र का डीडी लिफाफा "A" , अन्य दस्तावेज लिफाफा "B" एवं दर लिफाफा "C", सीलबंद कर बड़े लिफाफा "D", में प्रस्तुत की जावेगी।
3. दरें उन्ही निविदाकारों की खोली जावेगी जिनके लिफाफा "A", एवं "B", के दस्तावेज मांगे अनुसार होंगे।
4. शासन हित में सभी प्रकार की निविदा या किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अघिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. सीमित निविदा की दरें क्रय समिति के अनुमोदन दिनांक से 03 वर्ष अथवा नई निविदा प्रभावशील होने तक वैध रहेंगी।
6. निविदाकार की कोई शर्त स्वीकार नहीं होगी।
7. विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र शहडोल होगा।

**अधिष्ठाता**

चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

संशोधित

## अर्हता व अनुभव/कार्यो का विवरण

| सेवायें | अर्हता/अनुभव | कार्यो का विवरण | शर्तें |
|---|---|---|---|
| चार्टेड एकाउण्टेन्ट | 1. संबंधित चार्टेड एकाउन्टेड फर्म को इन्स्टीटयूट ऑफ इन्डिया में पंजीयन होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>2. संबंधित चार्टेड एकाउन्टेड फर्म को स्वशासी समिति के वार्षिक ऑडिट कार्यो का न्यूनतम तीन वर्षो का अनुभव होना आवश्यक है। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जायें। | 1. चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के विभिन्न विभागों से स्वशासी निधि में होने वाली दैनिक आय का अंकेक्षण एवं स्वशासी निधि में जमा होने की पुष्टि।<br>2. स्वशासी समिति के अन्तर्गत समस्त दैनिक व्ययों का अंकेक्षण वित्तीय औचित्य के मानक सिद्धांतो/वित्त समिति/कार्यकारिणी समिति की स्वीकृति के आधार पर करना।<br>3. मासिक आय व्यय पत्रक एवं बैंक समाधान पत्रक तैयार करना।<br>4. वर्षिक आय व्यय पत्रक एवं बैलेंस शीट तथा बैंक समाधान पत्रक तैयार कराना।<br>5. आयकर एवं जी.एस.टी. अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना।<br>6. समय-समय पर समिति को आवश्यक वित्तीय सलाह प्रदान कराना।<br>7. वार्षिक बजट तैयार कराना। | 1. वार्षिक कार्य मूल्यांकन में कार्य संतोष प्रद न पाये जाने पर निविदा समाप्त की जा सकेगी।<br>2. किसी संस्था की ऑडिट में अनियमितता संबंधी पुष्ट जानकारी पाये जाने पर निविदा अमान्य की जा सकेगी।<br>3. CAG से रजिस्टर्ड एवं ISA Reputed Firm को प्राथमिकता दी जावेगी । |
| आयकर सलाहकार | 1. निविदाकार चार्टेड एकाउंटेट फर्म/एल.एल.बी. योग्यता के साथ स्टेटबार कौंशिल में पंजीयन होना चहिए। पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें।<br>2. किसी भी चिकित्सा महाविद्यालय एवं संभागीय प्रशासनिक कार्यालय /अन्य शासकीय विभाग में जी.एस.टी. ई.टी.डी.एस. त्रैमासिक रिटर्न संबंधी कार्यो का न्यूनतम तीन वर्षो का अनुभव होना आवश्यक है। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जायें | 1. ई.टी.डी.एस. त्रैमासिक रिटर्न फीडिंग एवं जी.एस.टी. मासिक का कार्य संपादित करना।<br>2. आयकरदाताओं का फार्म 16 तैयार करना।<br>3. आयकर विभाग से प्राप्त किसी भी नोटिस का जवाब तैयार कर निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही करना।<br>4. समय सीमा में आयकर से संबंधित समुचित कार्यवाही संपादित करना।<br>5. माह फरवरी में प्राप्त प्रपत्र 12 सी का परीक्षण करना। | 1. वार्षिक कार्य मूल्यांकन में कार्य संतोष प्रद न पाये जाने पर निविदा समाप्त की जा सकेगी।<br>2. किसी संस्था के जी.एस.टी, ई.टी.डी.एस त्रैमासिक रिटर्न फीडिंग कार्य में अनियमितता एव लापरवाही संबंधी पुष्ट जानकारी पाये जाने पर निविदा अमान्य की जा सकेगी। |

MSulkar

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल (म0प्र0)

संशोधित

# चार्टेड एकाउन्टेन्ट/आयकर सलाहकरा सलाहकार के कार्यो हेतु निविदा प्रपत्र

1. फर्म का नाम :- .................................
2. पता (फोन नंबर सहित) :- .................................
3. फर्म का कन्सटिट्यूशन :- .................................
4. फर्म का पंजीयन क्रमांक :- .................................

   (अद्यतन स्थिति में फर्म के पंजीयन की प्रति संलग्न करें)
5. प्रोपइटर/पार्टनर के नाम एवं सदस्यता क्रमांकः- :- .................................
6. फर्म का अनुभव व कार्य विवरण :- .................................

   (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. चाही गई वार्षिक अंकेक्षण शुल्क :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | चार्टेड एकाउन्टेन्ट | | रूपये................................. |
| ब. | चार्टेड एकाउन्टेन्ट/आयकर सलाहकार | ई.टी.डी.एस/जी.एस.टी. /आयकर नोटिस /फार्म 16/प्रपत्र 12 सी एवं अन्य संबंधित कार्य। | रूपये................................. |

(नोटः- जो कालम लागू न हो उनके सामने " लागू नहीं" लिखा जायें।)

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर.........................................

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख का नाम.........................................

(स्पष्ट अक्षरों)

संस्था का नाम एवं पूर्ण पता एवं सील.........................................

अधिष्ठाता

चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)